राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 9

अभिप्रेरणा

कार्यपत्रक - 9

1. अपने दैनिक जीवन से उदाहरणों का प्रयोग करते हुए अभिप्रेरणा की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
2. “लक्षय यह तो नहीं बता सकते की बिलकुल यही होगा, पर ये हमे जानकारी अवश्य देते हैं की भविष्य में व्यक्ति की गतिविधियों का दायरा क्या होगा।” दिए गए कथन का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।
3. किसी व्यक्ति की द्वितीयक आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए कम से कम आठ प्रश्नों की एक प्रश्नावली तैयार कीजिए।
4. शीतल एक सहायक प्रबंधक है और वह जिस फर्म में काम कर रही है उसका अध्यक्ष बनना चाहती है। इस उदाहरण में लक्ष्यों को पहचानें और समझाएं। शीतल के लक्ष्यों के लिए प्रोत्साहनों का अनुमान लगाएं।
5. मानव अस्तित्व के संदर्भ में प्राथमिक आवश्यकताओं और प्रेरणा की मूल प्रवर्तियों के महत्व पर प्रकाश डालिये।
6. अब्राम मास्लो, एक मानवतावादी मनोवैज्ञानिक, ने आवश्यकताओं के पदानुक्रम का प्रस्ताव रखा। समकालीन दुनिया में जरूरतों के पदानुक्रम की प्रयोज्यता का विश्लेषण कीजिए।
7. "उपलब्धि प्राप्ति की प्रेरणा" उच्च स्तर के प्रदर्शन को प्राप्त करने से संबंधित है। किसी व्यक्ति में उपलब्धि प्राप्ति की प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।
8. निम्नलिखित प्रश्न में, आंतरिक और बाह्य प्रेरणा की पहचान करें:

   क) मयंक अपने काम में विश्वास रखता है और अपने काम को पूरा करने के लिए देर तक ऑफिस में रहता है। ________________

ख) अहमद ने अपना कमरा साफ किया, क्योंकि वह नहीं चाहता था कि उसकी माँ नाराज़ हो। ________________

ग) संजीव कहता है कि उसे ताश खेलना पसंद है क्योंकि जब भी वह जीतता है तो उसे पैसे मिलते हैं। ________________

9. आत्मबल व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर काम करती है। कैसे? समझाइये।
10. अपने दैनिक जीवन में हताशा के विभिन्न प्रकार के स्रोतों को पहचानें और सूचीबद्ध कीजिये ।